## -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 25.09.2026**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना बिसंडा पुलिस द्वारा दुकान में हुई चोरी की घटना का सूचना के 04 घंटे के भीतर किया गया सफल अनावरण घटना के शामिल 02 बाल अपचारियों को संरक्षण में लेते हुए उनके कब्जे से चोरी के शत प्रतिशत 75 हजार रुपए बरामद ।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 25.09.2026 को थाना बिसण्डा पुलिस टीम द्वारा दुकान में हुई चोरी की घटना का 04 घंटे के भीतर सफल अनावरण करते हुए घटना में संलिप्त 02 बाल अपचारियों को संरक्षण में लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना बिसण्डा क्षेत्र निवासी रामजी द्वारा अपनी दुकान में चोरी होने के संबंध में थाना बिसण्डा पर सूचना दी गई थी। सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा तत्काल अभियोग पंजीकृत करते हुए घटना के अनावरण एवं संलिप्त व्यक्तियों की पहचान के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया। इसी क्रम में थाना बिसण्डा पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए संदिग्धों की पहचान की तथा मुखबिर की सूचना पर रामलीला मैदान के पास वाली गली से 02 बाल अपचारियों को संरक्षण में लिया। पूछताछ के दौरान बाल अपचारियों द्वारा घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की गई। पुलिस द्वारा बाल अपचारियों के कब्जे से चोरी की गई ₹75,000 की शत-प्रतिशत धनराशि बरामदगी की गई है।

**बरामदगी-**

- ₹75,000 धनराशि

**पंजीकृत अभियोग-**

- मु0अ0सं0- 434/26 धारा 305(a)331(4)/317(2) बीएनएस थाना बिसण्डा जनपद बांदा।

**अभिरक्षा में लेने वाली टीम-**

1. श्री चन्द्रप्रकाश तिवारी थानाध्यक्ष बिसण्डा
2. म0उ0नि0 सुश्री स्नेहा सिंह
3. कां0 अनूप
4. कां0 संजीव कुमार
5. कां0 जितेन्द्र सिंह
6. म0कां0 प्रीति यादव